भोपाल, सीहोर
इंदौर, छिंदवाड़ा
ग्वालियर, मुरैना
से एकसाथ
प्रकाशित

दैनिक
जनता की बुलंद आवाज
# सच एक्सप्रेस
सत्यम् सदैव सुन्दरम्...

वर्ष-12 || अंक- 337 || पृष्ठ-8 || शुल्क- 2 रुपए || भोपाल || शनिवार 20 अप्रैल || 2024

www.dainiksachexpress.com, sachexpress.page

पेज 2 स्ट्रांग रुम में सील हुई ईवीएम

पेज 3 महावीर जयंती पर मांस की दुकान बंद रहें

पेज 5 वीडी शर्मा के लिए जनसंपर्क में जुटे भाजपाई

पेज 6 मॉडर्न इंडियन बिस्ट्रो फर्जी कैफे का आउटलेट भोपाल में खुला

पेज 7 आयोजन में दिखी अनेकता में एकता की झलक

**सराफा बाजार का आज का भाव**

20/4/2024 शनिवार 01:20PM
डालर $ 83.37
GOLD LIVE - 72800
हालमार्क ज्वैलरी रेट
24 KT-76020 ब्रेड
23 KT-72900
22 KT-69700
20 KT-63500
18 KT-57100
14 KT-44400
Silver Live - 83520
चांदी हाजिर 999-85500

MG ज्वेलर्स (उज्जैन वाले)
सर्वधर्म कोलार रोड, भोपाल
Condition Apply

## सच-संक्षेप

### हल्दिया में आग लगने से दुकानें जलीं

**हल्दिया।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में आज तड़के भीषण आग लगने से कई दुकानें जलकर खाक हो गईं। हल्दिया के दुर्गा चौक इलाके में कई दुकानों में देर रात करीब दो बजे आग लग गई। एक अधिकारी ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।उन्होंने कहा कि आग में करीब 10 दुकानें जलकर खाक हो गईं। दमकल की कई गाड़ियों को मौके पर लगाया गया। दमकल एवं आपात सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि आग पर एक घंटे के भीतर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### मनीष सिसोदिया ने वापस ली अंतरिम जमानत याचिका

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका वापस ली। सिसोदिया के वकील ने कहा अदालत नियमित जमानत पर फैसला कोर्ट सुरक्षित कर चुकी है, इसलिए वह अंतरिम जमानत की याचिका वापस ले रहे हैं। मनीष सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की मांग की थी।सिसोदिया की जमानत का विरोध करते हुए सीबीआई ने कहा पूरी सोसायटी आर्थिक अपराधों से पीड़ित है, इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक बार कहा था कि भ्रष्टाचार समाज के लिए कैंसर है, अगर जमानत दी गई तो सिसोदिया आगे की जांच और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।दिल्ली शराब नीति मामले में मनीष सिसोदिया की नियामित जमानत याचिका पर राउज ऐवन्यू कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा, 30 अप्रैल को फैसला सुनाएगा। सीबीआई ने कहा सिसोदिया घोटाले के किंगपिन हैं उनको जमानत नहीं दी जानी चाहिए, जमानत मिली तो सिसोदिया सबूतों से छेडछाड कर सकते हैं।

### मणिपुर में मतदान केंद्र के पास गोलीबारी में शामिल 3 गिरफ्तार

**इंफाल।** लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में देश के मतदाताओं ने जमकर अपनी भागीदारी निभाई। 18वीं लोकसभा के सदस्यों को चुनने की दिशा में पहले और सबसे बड़े चरण में 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की 102 सीटों पर करीब 64.43 फीसदी वोटिंग के साथ 1625 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। हालांकि, इस दौरान मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में एक मतदान केंद्र के पास गोलीबारी की घटना सामने आई। घटना में शामिल तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों व्यक्ति इंफाल पूर्वी जिले के मोइरांगकंपू साजेब में शुक्रवार को हुई गोलीबारी की घटना में शामिल थे। गोलीबारी की घटना के बाद तीनों कार से घटनास्थल से भाग गए थे और शुक्रवार शाम को घटनास्थल से 5 किमी से भी कम दूरी पर गिरफ्तार किए गए।

चुनाव प्रचार से विजय जुलूस तक
सभी प्रकार की चुनाव प्रचार सामग्री के निर्माता एवं विक्रेता
सभी प्रकार के झण्डे, बैच, बैनर, कैप, स्टीकर, पोस्टर, ग्लोसाईन बोर्ड, होर्डिंग, फ्लेक्स एवं प्रिंटिंग कार्य हेतु पधारें
SHEELA AD MAKERS शीला एड-मेकर्स
E-mail:sheelaadmakers@gmail.com
139, Malviya Nagar, Bhopal (M.P.)
Tel./Fax: 0755-4012177,
Mob.:9301020777, 8889120777
GB-3, Ground Floor Mansarover Complex, Near BJP Office Bhopal
Tel. 0755-4277938
www.sheelamakers.com

**खंडवा में मुख्यमंत्री का रोड शो, स्वागत के लिए उमड़ा हुजूम**

# पाकिस्तान के नेता भी कहते हैं कि काश मोदी उनके देश में होते : मोहन

सच संवाददाता || खंडवा

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव अपनी चुनावी दौरे के तहत आज भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल की नामांकन रैली को संबोधित किया। भाजपा प्रत्याशी ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर सीएम डा. यादव के साथ उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र बजाज आदि मौजूद थे।

सूरजकुंड में आयोजित नामांकन रैली को संबोधित करते हुए डा. यादव ने कहा कि देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशी श्री पाटिल की जीत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को नई पहचान मिली है, दुनिया भर में आज का डंका बन रहा है। यह चुनाव देश के विकास को और अधिक तेजी के साथ गति देने का चुनाव है। श्रेष्ठ भारत का संकल्प पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार जरूरी है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि पाकिस्तान के नेता भी कहते हैं कि काश उनके देश में उनके जैसा कोई नेता होता। सीएम यादव ने यह बात होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान सभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर भी हमला बोला। सीएम यादव ने कहा कि कांग्रेस द्वारा बोए गए बीजों के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग भी भारत का हिस्सा बनना चाहते हैं। क्योंकि, पड़ोसी देश में अस्तित्व का संकट है।दरअसल, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ समेत पाकिस्तान के नेता लगातार कह रहे हैं कि काश नरेंद्र मोदी वहां (पाकिस्तान में) होते। अगर, आप नेता हैं तो ऐसा बनें कि आपका दुश्मन भी आपकी तारीफ करे। यह नेता (मोदी) हमें गौरवान्वित करते हैं। कांग्रेस की आलोचना करते हुए सीएम यादव ने कहा कि कांग्रेस के माथे पर देश को भारत और पाकिस्तान में बांटने का कलंक है। देश के विभाजन के समय भाजपा या जनसंघ नहीं था।

## पूर्व विधायक सहित 100 से ज्यादा कांग्रेसजनों ने ली भाजपा की सदस्यता, मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं न्यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ.नरोत्तम मिश्रा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, प्रदेश शासन के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी के समक्ष भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस के शिवपुरी के पूर्व विधायक हरिवल्लभ शुक्ला, मध्य प्रदेश कांग्रेस सिंधी कल्याण समिति के पूर्व प्रदेश महामंत्री महेश गुरबाणी, प्रदेश कांग्रेस पूर्व महासचिव कमल सिंह रघुवंशी, जिला महामंत्री कांग्रेस शिवपुरी आलोक शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष सोशल मीडिया संगठन ;टीम कमलनाथ गौरव शर्मा, पूर्व महासचिव प्रदेश कांग्रेस अमित दांतरे, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष जुझारपुर अमर सिंह यादव, सेवादल कांग्रेस उपाध्यक्ष होशंगाबाद राहुल सिंह सहित कांग्रेस पार्षद, सरपंच,उपसरपंच और 100 से अधिक कांग्रेस पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सभी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

# ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर, चार महिलाओं की मौत, 24 लोग घायल

मैनपुरी || एजेंसी

मैनपुरी के भोगांव में शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 24 लोगों के घायल होने की सूचना है। बताया गया है कि ट्रक ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। ट्रॉली में महिलाएं और पुरुष सवार थे जो नामकरण संस्कार से शामिल होकर लौट रहे थे। रास्ते में ये हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। कन्नौज के थाना छिबरामऊ क्षेत्र में स्थित गांव कुंवरपुर निवासी वीरेंद्र सिंह की पुत्री की थाना बिछवां के गांव बेलधारा में शादी हुई है। उनकी पुत्री ने 10 दिन पहले पुत्र को जन्म दिया था। शुक्रवार को उसका नामकरण संस्कार था। वीरेंद्र सिंह अपने परिवारीजनों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली से गांव बेलधारा गए थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सभी लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठकर वापस घर लौट रहे थे।

### बस पलटी, चुनावी ड्यूटी से लौट रहे 21 पुलिसकर्मी घायल

**बैतूल ।** नागपुर भोपाल हाईवे पर बरेठा घाट के पास शनिवार सुबह होमगार्ड और पुलिस जवानों की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में 21 लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा ट्रक को ओवरटेक करने के कारण सुबह 4 बजे के करीब हुआ। दरअसल, छिंदवाड़ा से ड्यूटी खत्म कर जवानों से भरी बस बरेठा घाट पहुंची तो ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रहे बस से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बस सड़क किनारे खाई में पलट गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। छिंदवाड़ा से राजगढ़ जा रही इस बस में 40 जवान सवार थे, जिसमे 34 होमगार्ड जवान और 6 पुलिसकर्मी थे।

## मंच पर खड़े शरद पवार की ओर युवक ने फेंका माइक, बेटी के समर्थन में कर रहे थे प्रचार

**बारामती।** महाराष्ट्र के बारामती लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सभा के दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) प्रमुख पर एक युवक ने लैपल माइक फेंका। हालांकि, एक सुरक्षाकर्मी की फुर्ती से वे बच गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ। पुलिस ने घटना के बारे में बताया कि शरद पवार सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान एक स्थाई पत्रकार ने सही से आवाज न आने के कारण उन्होंने मंच की ओर माइक फेंक दिया। उनका इरादा पवार को चोट पहुंचाना या कोई दुर्भावनापूर्ण नहीं था। पत्रकार को माइक फेंकने की बजाए किसी व्यक्ति को दे देना चाहिए था। वहीं, पुणे जिले के पुरंदर में पत्रकारों से बात करते हुए पवार ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के मुद्दे पर अब कोई चर्चा नहीं कर रहा है। भाजपा को लोकसभा चुनाव में इसका कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। राम मंदिर का मुद्दा अब खत्म हो गया है।

## जैसे अमेठी से भागे वैसे वायनाड भी छोड़कर भागेंगे राहुल : मोदी

नांदेड़ || एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में चुनावी रैली की जहां उन्होंने पहले चरण में वोट देने वालों को धन्यवाद दिया। पीएम ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा- इंडी गठबंधन को उम्मीदवार नहीं मिल रहा। वायनाड में राहुल को संकट दिख रहा है। जैसे अमेठी छोड़कर भागे हैं, उन्हें वायनाड छोड़कर भी भागना पड़ेगा। पीएम ने कहा कि 4 जून के बाद इंडी गठबंधन एक-दूसरे के कपड़े फाड़ेगा। मैं मतदाताओं को कहता हूं कि आइए जी-भरकर एनडीए को वोट दीजिए। कांग्रेस गरीब, दलित, वंचित, मजदूर किसान के विकास के सामने हमेशा दीवार बनकर खड़ी है। आज भी एनडीए सरकार गरीब के लिए कोई काम करती है तो कांग्रेस उसका मजाक उड़ाती है। आजादी के 6 दशकों बाद पहली बार हमने करोड़ों गरीब महिलाओं को शौचालय देने का अभियान छेड़ दिया। तब कांग्रेस और इंडी अघाड़ी वाले लोग मजाक उड़ाते थे। पीएम ने नांदेड़ में इंडी गठबंधन को लेकर यह भी कहा कि आपकी समस्याओं का ये कभी समाधान कर सकते हैं क्या?

## भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे पीएम मोदी, कीमत देश चुका रहा : राहुल

नई दिल्ली || एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे हैं, जिसमें वे खुद भ्रष्टाचार विज्ञान विषय के तहत चंदे का धंधा समेत हर चैप्टर खुद विस्तार से सिखा रहे हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों की छापेमारी से दान की रकम जुटा रही है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि छापेमारी कराकर दान कैसे लिया जाए? दान लेकर ठेके कैसे बांटे जाएं? भ्रष्ट लोगों को धुलने वाली वॉशिंग मशीन कैसे काम करती है? किस तरह से जांच एजेंसियों को रिकवरी एजेंट बनाकर जमानत और जेल का खेल खेला जाता है? राहुल गांधी ने लिखा कि भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन चुकी भाजपा ने अपने नेताओं को इस क्रैश कोर्स को जरूरी कर दिया है, जिसकी कीमत देश चुका रहा है। राहुल गांधी के अनुसार इंडिया गठबंधन की सरकार भ्रष्टाचार के इस स्कूल पर ताला लगाकर हमेशा के लिए इस कोर्स को बंद कर देगी।

## बैरक में धारदार हथियार से हमला कर दो कैदियों को मौत के घाट उतारा

संगरूर || एजेंसी

संगरूर जेल में बंद कैदी आपस में इतनी जबरदस्त तरीके से भिड़ गए, जिसमें दो कैदियों की मौत हो गई। वहीं दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें पटियाला रेफर किया गया है। डीआईजी जेल और संगरूर पुलिस की तरफ से पूरे मामले की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कैदियों के बीच हुई झड़प को लेकर पुलिस घटना की जांच में जुटी है।जानकारी के अनुसार, संगरूर जेल में कल शाम को 7 बजे जब कैदियों की गिनती करने के बाद बैरक में बंद किया जा रहा था, उसी समय एक बैरक से निकले 10 कैदियों ने दूसरी बैरक में मौजूद चार कैदियों पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस का कहना है कि कैदियों के बीच झगड़ा आपसी रंजिश के चलते हुआ है। पहले ये सभी एक ही बैरक में बंद थे। इनमें से ज्यादा पर धारा 302 के तहत मामले दर्ज हैं।जैसे ही संगरूर जेल से सूचना मिली कि कुछ कैदी आपस में भिड़ गए हैं।

### पेट्रोल-डीजल के रेट में बदलाव

**भोपाल।** भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमत डायनैमिक होती है। कंपनियां रोजाना ईंधन की कीमतें अपडेट करती हैं। 20 अप्रैल शनिवार को ईंधन के नए रेट जारी हो चुके हैं। आज मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में बदलाव देखा गया है। ग्लोबल मार्केट में क्रूड ऑयल की कीमत 90 डॉलर के नीचे पहुंच चुकी है। ब्रेंट क्रूड 87.29 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमत 83.14 डॉलर प्रति बैरल है। होशंगाबाद और रायसेन में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक रुपए से अधिक का इजाफा हुआ है। इसके अलावा अलीराजपुर, बालाघाट, भिंड, ग्वालियर, हरदा, झबुआ, कटनी, खंडवा, मंडला, रीवा, सतना, सीहोर, सिवनी, सीधी और टीकमगढ़ में भी ईंधन कर कीमतों में बढ़ोत्तरी हुई है।

## ईरान ने हमले पर खर्च किए 520 करोड़, तो इजरायल ने बचाव में फूंके थे 92 हजार करोड़

नई दिल्ली || एजेंसी

13 और 14 अप्रैल की दरम्यानी रात को जब ईरान ने इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया, तो इसे अंजाम देने में ईरान को कुल कितने रुपये खर्च करने पड़े? और ईरान के हमले से बचने के लिए इजरायल ने कितने रुपये लगाने पड़े? तो ये हम आपको बताते हैं। उस एक रात दोनों देशों ने हमले और बचाव में एक लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा खर्च कर दिए। जी हां, एक लाख करोड़ से भी ज्यादा और वो सिर्फ एक ही रात में। अब अगर दोनों देशों के बीच खुल कर जंग की शुरुआत हो गई तो खर्चे का ये आंकड़ा कहां तक पहुंचेगा, इसका अंदाज़ा आप इसी से लगा सकते हैं। ईरान ने इजरायल पर हमले में अपनी जिन मिसाइल ड्रोन और तकनीक का इस्तेमाल किया उसकी कीमत करीब 520 करोड़ रुपये आंकी गई, जबकि इजरायल ने इन हथियारों को इंटरसेप्ट कर मार गिराने में 92 हजार करोड़ रुपये लगाए। अब जब बात खर्चों की हो रही है तो ये भी जान लीजिए कि आमने-सामने आ चुके ये दोनों देश सैन्य ताकत के मामले में एक दूसरे के सामने कहां टिकते हैं?

**त्याग की मिसाल || सूरत के 13 साल के हेत शाह भी लेंगे संन्यास**

# जैन समुदाय के 35 लोग 22 अप्रैल को बनेंगे भिक्षु

अहमदाबाद || एजेंसी

गुजरात में 22 अप्रैल को जैन समुदाय के 35 लोग भिक्षु बनेंगे। इनमें एक 11 वर्षीय लड़का और व्यवसायी जोड़ा भी शामिल है। इस संबंध में सूरत की धार्मिक ट्रस्ट श्री अध्यात्म परिवार की ओर से शुक्रवार को जानकारी दी गई है। श्री अध्यात्म परिवार द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, गुजरात और महाराष्ट्र के समुदाय के लोगों के लिए 'अध्यात्म नगरी' साबरमती रिवरफ्रंट पर गुरुवार को पांच दिवसीय दीक्षा समारोह शुरू किया गया है, जो 22 अप्रैल को समाप्त होगा। इस समारोह में 35 व्यक्ति श्रद्धेय जैन भिक्षु आचार्य विजय योगतिलक सूरीश्वरजी महाराज से दीक्षा प्राप्त करेंगे। इनमें से 10 की उम्र 18 साल से कम और सबसे छोटा 11 साल का लड़का है।

### भिक्षु बनने 2 साल पहले छोड़ी पढ़ाई

वहीं, भिक्षुक बनने वाले बच्चों में सूरत का 13 वर्षीय हेत शाह है। हेत ने उपधान तप करने के लिए लगभग दो साल पहले अपनी पढ़ाई छोड़ दी थी, जहां व्यक्ति को 47 दिनों तक घर से दूर एक साधु की तरह रहना पड़ता है। मां रिम्पल शाह ने कहा कि हेत हमारा इकलौता बच्चा है। उसने हमारे गुरुओं के साथ रहने के लिए लगभग दो साल पहले अपनी पढ़ाई छोड़ दी। फिर सांसारिक जीवन से दूर रहने की इच्छा व्यक्त की। हमने उसकी इच्छा को वैसे ही स्वीकार किया, जैसे हम थे। रिम्पल ने कहा कि मुझे विश्वास है कि एक भिक्षु के जीवन से बेहतर कुछ नहीं है।

### भावेश के बेटे और बेटी 2021 में बने भिक्षु

इसके अलावा सांसारिक संपत्ति का त्याग करने वाले पांच जोड़े हैं जो दीक्षा प्राप्त करने के बाद अपना व्यवसाय बंद कर देंगे और अपने घरों में ताला लगा देंगे। इनमें अहमदाबाद निवासी व्यवसायी भावेश भंडारी (46) और उनकी 43 वर्षीय पत्नी जीनल शामिल हैं, जो रियल एस्टेट और फाइनेंस व्यवसाय चलाते थे। भंडारी के बेटे और बेटी 2021 में भिक्षु बन चुके हैं। भावेश ने कहा कि हमने अपने बच्चों को भिक्षुओं के रूप में खुशी से रहते देखा है। यह एक मिथक ही है कि हम पैसे या अन्य विलासिता के बिना एक खुशहाल जीवन नहीं जी सकते। हमारे गुरुओं की शिक्षाओं ने भी हमें निर्णय लेने में मदद की। अब, मेरे पिता और बड़े भाई मेरा व्यवसाय संभाल लेंगे। पांच दिवसीय आयोजन के लिए एक विशेष अध्यात्म नगरी बनाई गई है, जिसमें एक जैन मंदिर और एक सभा हॉल शामिल है जिसमें लगभग 25,000 भक्त बैठ सकते हैं। एक डाइनिंग हॉल भी डिजाइन किया गया है जिसमें एक पंक्ति में लगभग 3,200 लोग बैठ सकते हैं।साथ ही, पहली बार नर्क (नरक) की रचना की गई है, जिसमें सजीव दृश्य हैं कि किस तरह नरक में प्राणियों को यातनाएं दी जाती हैं। इसके अलावा, अध्यात्म नगरी में एक भव्य थिएटर है जिसमें जैन हस्तियों की कहानियों को लघु नाटकों के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

### घाटी में बारिश-बर्फबारी, मकान की दीवार गिरने से तीन की मौत

**जम्मू ।** जम्मू-कश्मीर में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण प्रदेश में विभिन्न जिलों में बारिश व बर्फबारी से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। वीरवार रात से हो रुक-रुक कर हो रही बारिश व तेज हवाओं से बिजली ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर तार व पेड़ टूट गए हैं। दक्षिण कश्मीर में एक मकान व दीवार गिरने से एक महिला व दो मजदूरो की मौत हो गई। गांदरबल जिले में एक वाहन फिसलकर खाई में गिर गया। वाहन में सवार जम्मू के पांच लोग जख्मी हो गए। पुंछ में पुलस्त्य दरिया पर बना झूला पुल टूटने से टह गांवों का संपर्क टूट गया है।जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन में पस्सियां गिरने से पांच घंटे यातायात बंद रहा। वैष्णो देवी श्रद्धालुओं को ले जाने वाली कटड़ा-सांझीछत चॉपर सेवा प्रभावित रही। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में पस्सियां गिरने से साधना टॉप, फुरकियान टॉप व जेड गली समेत कई सड़कें बंद हो गईं।